Important Questions Class 6 Hindi Chapter 1 वह चिड़िया जो

प्रश्न 1. चिड़िया रूचि से क्या खाती है?

उत्तर : चिड़िया रूचि से दूध भरे जुंडी के दाने खाती है|

प्रश्न 2. कवि ने चिड़िया को क्या कहा है और क्यों?

उत्तर : कवि ने चिड़िया को संतोषी कहा है क्योंकि थोड़े-से दानों में संतोष कर लेती है|

प्रश्न 3. चिड़िया के पंख कैसे हैं?

उत्तर : चिड़िया के पंख नीले हैं|

प्रश्न 4. चिड़िया को किससे प्यार है?

उत्तर : चिड़िया को अन्न से बहुत प्यार है|

प्रश्न 5. चिड़िया किसके लिए गाती है?

उत्तर : चिड़िया बूढ़े वन बाबा के लिए गाती है|

प्रश्न 6. चिड़िया को किससे प्यार है?

उत्तर : चिड़िया को विजन से प्यार है|

प्रश्न 7.'जल का मोती' का प्रयोग यहाँ किसके लिए किया गया है?

उत्तर :'जल का मोती' का प्रयोग यहाँ जल की बूँद के लिए किया गया है|

प्रश्न 8. चिड़िया जल का मोती कैसे लाती है?

उत्तर : चिड़िया जल का मोती चोंच में लाती है|

प्रश्न 9. चिड़िया को गर्वीली क्यों कहा गया है?

उत्तर : चिड़िया जल से भरी उफनती नदी के बीच से भी पानी की बूंदो को चोंच में भर कर ले आती है। यह साहसिक काम के कारण चिड़िया को गर्वीली कहा गया है|

प्रश्न 10. कविता में चिड़िया की क्या-क्या विशेषता बताई गई है?

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर : नीले पंखो वाली छोटी चिड़िया संतोषी है जिसे अन्न से बहुत प्यार है| वह वन में घूमकर ऊँचे और मधुर स्वर में गाती है, उसे स्वछंदता पसंद है| वह उफनती नदी से पानी पीने जैसा साहसी कार्य भी करती है जिसके लिए उसे स्वयं पर गर्व है|

प्रश्न 11. इस कविता के माध्यम से कवि क्या सन्देश देना चाहता है?

उत्तर : इस कविता के माध्यम से कवि यह सन्देश देना चाहता है कि हमें संतोषी स्वभाव का होना चाहिए, ज्यादा लालच नहीं करना चाहिए| अकेले में भी हमें ख़ुशी से रहना चाहिए| साथ ही कठिन परिस्थितियों में भी हिम्मत नहीं हारना चाहिए और उसका डट कर मुकाबला करना चाहिए।

https://www.evidyarthi.in/